भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2666
उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

उत्तर दिनाजपुर में नीट परीक्षा केंद्र

†2666. **श्री कार्तिक चन्द्र पॉल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल से राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में बैठने वाले और उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की जिला-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ख) जिलों के भीतर नीट परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा अपनाए गए मानदंड क्या हैं;
(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पश्चिम बंगाल में एक बड़ा और घनी आबादी वाला जिला होने के बावजूद उत्तर दिनाजपुर जिले में कोई नीट परीक्षा केंद्र नहीं है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त जिले में नीट परीक्षा केंद्र न बनाए जाने की अवसंरचनागत या प्रशासनिक बाधाओं, यदि कोई हों, सहित क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या सरकार का भविष्य की परीक्षाओं में उम्मीदवारों की कठिनाई को कम करने के लिए उत्तर दिनाजपुर में नीट केंद्र स्थापित करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की स्थापना 2018 में उच्चतर शिक्षा संस्थानों में प्रवेश/फैलोशिप के लिए परीक्षा आयोजित करने हेतु एक प्रमुख, विशेष, स्वायत्त और आत्मनिर्भर परीक्षा संगठन के रूप में की गई थी। एनटीए वर्ष 2019 से सभी चिकित्सा संस्थानों में अवर स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) आयोजित कर रहा है।

एनटीए द्‌वारा नीट (यूजी)-2025 परीक्षा 4 मई 2025 को देश भर के 552 शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में स्थित 5468 विभिन्न केंद्रों पर 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी।

पश्चिम बंगाल राज्य के लिए, पिछले पांच वर्षों के दौरान नीट (यूजी) परीक्षा में उपस्थित और उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

एनटीए परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की स्थापना कई कारकों पर निर्भर करती है, जिसमें परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए एनटीए दिशानिर्देशों और मानदंडों का अनुपालन करने के अलावा किसी विशेष क्षेत्र के उम्मीदवारों की संख्या, पर्याप्त बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, बैठने की क्षमता आदि शामिल हैं।

*****

'उत्तर दिनाजपुर में नीट परीक्षा केंद्र' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री कार्तिक चंद्र पॉल द्वारा दिनांक 09/03/2026 को पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2666 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>पश्चिम बंगाल राज्य के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान नीट (यूजी) परीक्षा में उपस्थित और उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या</u>

वर्ष	**उपस्थित**	**उत्तीर्ण**
2021	61887	37301
2022	86607	50864
2023	102557	59053
2024	116104	63251
2025	106675	59018

***